देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 106 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 23 जुलाई 2020

विचार-प्रवाह...
तरह-तरह के दावों का रेकॉर्ड



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 23.0°

37871.52

2 चीन ने भूटान पर फिर ठोका दावा

7 जोफ्रा आर्चर बने नस्लभेद के शिकार



## संक्षिप्त समाचार

### सोनू पंजाबन को 24 साल की कैद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 12 साल की एक बच्ची को किडनैप कर उसे जिस्मफरोशी के धंधे में धकलने की दोषी सोनू पंजाबन को 24 साल की कैद सुनाई गई है। साथ ही आरोपी के साथी दोषी संदीप बेदवाल को 20 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। दिल्ली के द्वारका कोर्ट ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग, किडनैपिंग और रेप केस में सोनू पंजाबन और संदीप बेदवाल को सख्त सजा दी है। कोर्ट ने सोनू पंजाबन को 24 साल, तो संदीप बेदवाल को 20 साल की सजा सुनाई है। आपको बता दें कि इस मामले में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से अधिकतम सजा देने की मांग की थी।

### पत्रकार मर्डरः कांग्रेस ने योगी से मांगा इस्तीफा

**संवाददाता** नई दिल्ली। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या के बाद लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। वहीं विपक्षी पार्टियों ने भी घटना को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मांग की कि गाजियाबाद के पत्रकार विक्रम जोशी के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार की हत्या कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करती है। उधर, कांग्रेस ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला निकल चुका है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने पद से खुद इस्तीफा दे देना चाहिए।

### तीन दिन बाद उत्तराखंड पहुंचा लद्दाख में शहीद हुए जवान का पार्थिव शरीर

**संवाददाता** देहरादून। बुधवार की सुबह तीन दिनों के पश्चात लद्दाख में शहीद हुए उत्तराखंड के लाल देव बहादुर का पार्थिव शरीर सेना के वाहन से ऊधमसिंहनगर पहुंचा। शहीद देव बहादुर थापा का पार्थिव शरीर सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर यहां पहुंचा। यहां एम्बुलेंस के पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

# दुश्मनों को मिल गया संदेश

## रक्षामंत्री ने चीन को मुंहतोड़ जवाब देने पर भारतीय वायुसेना की थपथपाई पीठ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

▪भारतीय वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के तीन दिवसीय में राजनाथ सिंह की दहाड़

नई दिल्ली। चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा को बदलने की चाहत में बाहुबल का प्रदर्शन करना चाहा, लेकिन भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया ने उसकी मंसूबे पर पानी फेर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को मुंहतोड़ जवाब देने में भारतीय वायुसेना की तत्परता के लिए उसकी पीठ थपथपाई और चीन का नाम लिए बिना कहा कि अग्रिम ठिकानों पर युद्ध की तैयारियों में सेना ने जो फुर्ती दिखाई, उससे विरोधियों को कड़ा संदेश गया। राजनाथ ने वायुसेना की तारीफ करते हुए पाकिस्तान के बालाकोट में भी उसके साहसिक अभियान का जिक्र किया। रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि बालाकोट में वायुसेना हमले और मौजूदा युद्धक तैयारियों ने विरोधियों (पाकिस्तान और चीन) को कड़ा संदेश दिया है।

राजनाथ ने भारतीय वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के तीन दिवसीय सम्मेलन को पहले दिन संबोधित करते हुए कहा कि अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए राष्ट्र का संकल्प अडिग है और देश के लोगों को अपनी सशस्त्र सेनाओं की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। सिंह ने उस पेशेवर अंदाज के बारे में भी बात की जिससे वायुसेना ने पिछले साल पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था और बीते कुछ महीनों में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में वायुसेना की सक्रिय प्रतिक्रिया की सराहना की। रक्षा मंत्रालय ने कहा, उन्होंने (राजनाथ ने) कहा कि जिस पेशेवर तरीके से वायुसेना ने बालाकोट में हवाई हमला किया और पूर्वी लद्दाख की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर अग्रिम ठिकानों पर वायुसेना के संसाधनों की त्वरित तैनाती की गई उससे विरोधियों को कड़ा संदेश गया। अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए राष्ट्र का दृढ़ संकल्प लोगों का अपनी सशस्त्र सेनाओं की क्षमताओं पर पूरा भरोसा होने से अडिग है। सम्मेलन में भारतीय वायुसेना के कमांडर देश की वायु रक्षा प्रणाली की गहन समीक्षा करेंगे।

### सभी कमानों की त्वरितता सराहनीयः रक्षामंत्री



रक्षामंत्री ने कहा कि बलों की तैनाती और तैयारी सुनिश्चित करने में सभी कमानों की त्वरितता सराहनीय है। उन्होंने अल्पकालिक सूचना पर भी प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की स्थिति के लिए तैयारी पर जोर देने की जरूरत बताई। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में प्रौद्योगिकी में बदलाव के लिए वायुसेना की भूमिका को भी स्वीकार किया। उन्होंने नैनो टेक्नॉलजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र जैसी उभरती क्षमताओं को भी अपनाने के बारे में बात की।

### चीनी साजिश, सेना सतर्क!

सूत्रों ने कहा कि कमांडरों के सम्मेलन का मुख्य मुद्दा पूर्वी लद्दाख में संपूर्ण स्थिति पर चर्चा और सभी संवेदनशील क्षेत्रों, जिनमें चीन से लगने वाली अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड से लगने वाली सीमा भी आती हैं, में वायुसेना की युद्धक तैयारियों को बढ़ाने पर जोर देना है। सूत्रों ने कहा कि कमांडरों की बैठक में खास तौर पर करीब छह राफेल लड़ाकू विमानों के पहले जत्थे की अगले महीने के शुरू में लद्दाख सेक्टर में तैनाती पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। इन लड़ाकू विमानों के 29 जुलाई को भारतीय वायुसेना के युद्धक बेड़े में शामिल होने की उम्मीद है।

# शिक्षक संगठन के विरोध से बैकफुट पर शिक्षा मंत्री

## बढ़ सकती हैं गेस्ट टीचर्स की मुश्किलें

**संवाददाता**



### नियुक्ति स्थल को लेकर हो सकती है दिक्कतें

काउंसिलिंग को लेकर यदि सरकार फैसला बदलती है तो इससे गेस्ट टीचरों के नियुक्ति स्थल को लेकर दिक्कतें पैदा हो सकती है।

देहरादून। उत्तराखंड में शिक्षक संगठन के विरोध के चलते शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। मामला लेक्चरर पद पर प्रमोशन पाएं शिक्षकों की नियुक्ति का है। जिस पर गेस्ट टीचर्स की मौजूदगी के चलते विवाद पैदा हो गया था। हालांकि अब लेक्चरर पद पर प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों को गेस्ट टीचर की नियुक्ति वाले स्कूलों में भी जाने का मौका मिल सकता है।

पद पर प्रमोशन पाएं शिक्षकों की नियुक्ति स्थल पर जो विवाद शुरू हुआ था। उसे जल्द ही सुलझाए जाने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, लेक्चरर शिक्षक को काउंसिलिंग के जरिए विभिन्न स्कूलों में तैनाती देने की प्रक्रिया हो रही है। जिसमें उन्हीं स्कूलों के विकल्प दिए गए हैं, जहां गेस्ट टीचर तैनात नहीं हैं। इसी बात से नाराज होकर शिक्षक संगठन कोर्ट तक जाने की चेतावनी दी है। शायद यही कारण है कि शिक्षा मंत्री ने इस मामले में बैकफुट पर जाते हुए एक बार फिर मामले में विचार करने की बात कही है। बता दें कि, शिक्षा विभाग ने लेक्चरर पद पर नियुक्ति के लिए उन्हीं स्कूलों को विकल्प के तौर पर रखने का फैसला लिया था, जहां पर गेस्ट टीचर तैनात नहीं है। लेकिन अब गेस्ट टीचर्स की नियुक्ति वाले स्थानों पर भी यदि लेक्चरर की नियुक्ति की जाती है, तो ऐसे में बतौर गेस्ट टीचर काम करने वाले युवाओं के लिए परेशानी खड़ी हो सकती है। पूरे मामले में शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने शिक्षा सचिव मीनाक्षी सुंदरम को फिर से विचार करने का निर्देश दिया है।

# भारत मे संक्रमितों की कुल संख्या 12 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के 37,724 नए मामले सामने आने के बाद बुधवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर कुल केस 12,01,727 हुए, अब तक 28,846 की मौत। वहीं, उपचार के बाद 7,53,049 मरीज अभी तक संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कल एक दिन में सर्वाधिक 28,472 मरीज ठीक हुए। मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी किए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 648 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 28,846 हो गई।

आंकड़ों के अनुसार देश में 4,11,133 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है और अभी तक 7,53,049 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। उसने बताया कि मरीजों के ठीक होने की दर 63.13 प्रतिशत है। वहीं, कुल मामलों में संक्रमित पाए गए विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। देश में लगातार सातवें दिन कोविड-19 के 30,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 648 लोगों की जान गई, उनमें से सबसे अधिक 246 लोग महाराष्ट्र के थे।

### कोरोना अपडेट

▪कोरोना वायरस संक्रमण के 37724 नए मामले सामने आए



इसके बाद तमिलनाडु में 75, आंध्र प्रदेश में 62, कर्नाटक में 61, उत्तर प्रदेश में 37, पश्चिम बंगाल में 35, गुजरात में 34, दिल्ली में 27, मध्य प्रदेश में 18, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर तथा राजस्थान में नौ-नौ, तेलंगाना में सात, ओडिशा में छह, छत्तीसगढ़ में चार, गोवा में तीन, झारखंड में दो, केरल, पुडुचेरी, पंजाब और त्रिपुरा में एक-एक व्यक्ति की जान गई है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आईटी क्षेत्र में काफी संभावनाएंः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गूगल (अल्फाबेट) के सीईओ सुंदर पिचाई से उत्तराखंड में आईटी सेक्टर में निवेश करने का अनुरोध किया है।

पिचाई को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी से विकास के वैकल्पिक मॉडल पर काम करने की जरूरत महसूस हो रही है। छोटे शहरों में आईटी क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

### अनुरोध

गूगल (अल्फाबेट) के सीईओ सुंदर पिचाई से उत्तराखंड में आईटी सेक्टर में निवेश करने का अनुरोध

मुख्यमंत्री ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से भारत में निवेश की योजना में उत्तराखंड को शामिल करने का अनुरोध किया है। उत्तराखंड सरकार हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह और अपर मुख्य सचिव मनीषा पंवार को इस संबंध में गूगल (अल्फाबेट) प्रबंधन से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं।